**भा.कृ.अनु.प- भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान**
**लाइब्रेरी एवेन्यू, पूसा, नई दिल्ली-110012**

फा. सं. : 10(1)/2026-हिंदी दिनांक: 13 अगस्त, 2026

<u>परिपत्र</u>

निदेशक, भा.कृ.अनु.प-भा.कृ.सां.अ.सं. के अनुमोदन से प्रतिदर्श सर्वेक्षण प्रभाग द्वारा दिनांक 02-08 सितम्बर, 2026 को ''कृषि सांख्यिकी, सर्वेक्षण एवं सॉफ्टवेयर' द्वारा कृषि अनुसंधान का सशक्तीकरण'' विषय पर सात दिवसीय हिंदी कार्यशाला (ऑन-लाइन) आयोजित की जानी है।

इस कार्यशाला में संस्थान के समस्त प्रभागों/अनुभागों/प्रकोष्ठों से वैज्ञानिकों, तकनीकी वर्ग के नामांकन अपेक्षित हैं। अतः समस्त प्रभागाध्यक्षों/प्रभारियों से अनुरोध है कि वे इस कार्यशाला में सहभागिता हेतु अपने-अपने प्रभाग/प्रकोष्ठ से कम से कम दो-दो कर्मियों को नामित करने की कृपा करें।

हिंदी कार्यशालाओं के आयोजन के संबंध में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के आदेशानुसार सभी कर्मियों को दो वर्ष की अवधि में कम से कम एक बार हिंदी कार्यशाला में सहभागिता करने का अवसर मिले। समस्त प्रभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि हिंदी कार्यशालाओं में नामांकन करते समय यह ध्यान रखें कि उनके अधीनस्थ कार्यरत सभी कर्मियों को दो वर्ष की अवधि में (01 जनवरी, 2025 से 21 दिसम्बर, 2027 तक) कम से कम एक बार हिंदी कार्यशाला में सहभागिता करने का अवसर मिल सकें। जिन्होने अभी तक इस अवधि में एक भी कार्यशाला नहीं की है (सूची संलग्न) उन कर्मियों के नामांकन अवश्य भेजें एवं जिन्होने इस अवधि में कार्यशाला में सहभागिता कर ली है उनके नामांकन भी भेजे जा सकते है।

उपरोक्त कार्यशाला में सहभागिता के लिए नामांकन दिनांक 21 सितम्बर, 2026 तक निश्चित रूप से हिंदी एकक एवं प्रतिदर्श सर्वेक्षण प्रभाग की वैज्ञानिक, डॉ. भारती को भिजवाने की कृपा करें।

संतोष
13/08/26

(संतोष)
सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं
प्रभारी, हिंदी एकक

वितरण:

1. समस्त प्रभागाध्यक्ष/प्रकोष्ठ भा.कृ.सां.अ.सं. ।
2. प्रभागाध्यक्ष, प्रतिदर्श सर्वेक्षण प्रभाग ।
3. निदेशक महोदय की निजी सहायक
4. कार्यालय प्रधान की निजी सचिव ।
5. अध्यक्ष, संगणक अनुप्रयोग प्रभाग से अनुरोध है कि इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें ।